संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची - 4

2020 - 21

मॉडल उत्तर

पाठ – 12, विराम चिह्न

कक्षा- 6 | पुस्तक – अल्पना

विषय- हिंदी | हिंदी व्याकरण

1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) उत्तर – जब हम कुछ बोलते हैं या लिखते हैं तब हमारी बात को प्रभावशाली बनाने के लिए या ठीक तरह से कहने के लिए वाक्यों में कुछ स्थानों पर रुकने या विराम करने की आवश्यकता होती है। इसी कारण वाक्य में विराम चिह्न लगाने की आवश्यकता होती है।

(ख) उत्तर – वाक्य के अंत में लगने वाले दो विराम चिह्न हैं –
पूर्ण विराम (।) तथा
प्रश्नसूचक चिह्न (?)

(ग) उत्तर - इकहरे उद् धरण चिह्न का प्रयोग निम्न प्रकार से होता है –
किसी व्यक्ति के उपनाम या पुस्तक आदि के नाम के साथ जैसे –
* रामधारी सिंह 'दिनकर' महान कवि थे। 'रश्मिरथी' नामक पुस्तक उन्होंने ही लिखी थी।
* दोहरे उद् धरण के अधीन अन्य उद् धरण देने के लिए भी इकहरा उद् धरण चिह्न लगाया जाता है। जैसे – अध्यापिका ने बताया, " महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था।"

2. इन वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाकर वाक्यों को दुबारा लिखिए।

(क) उत्तर – राम, श्याम और घनश्याम दिल्ली, जयपुर और अजमेर घूमकर लौटे हैं।

(ख) उत्तर - छि:! तुम बार-बार ऐसी हरकत क्यों करते हो ?

(ग) उत्तर - बताओ कि विराम चिह्न की आवश्यकता क्या है ?

(घ) उत्तर - नहीं-नहीं, मैंने तो ऐसा नहीं कहा था।

3. इस अनुच्छेद में विराम चिह्नों का ठीक से प्रयोग करते हुए अनुच्छेद को दुबारा लिखिए।

बताओ कि तुम्हारी बात क्यों मान लूँ ? तुमने तो कहा था कि कल पैसे लौटा दूँगा, कल तो बीत गया, अब कल भी लौटाओगे कि नहीं ?

4. इन विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए दो-दो वाक्य बनाइए।

(क) निर्देशक चिह्न

जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है – धैर्य व अध्ययन
सिकन्दर – सेनापति चन्द्रगुप्त, बधाई हो।
चन्द्रगुप्त – किस बात की राजन ?

(ख) कोष्ठक
वह निरंतर (लगातार) बोलता रहा।
राजेंद्र बाबू (भारत के प्रथम राष्ट्रपति) बहुत विद्वान थे।

(ग) इकहरा उद् धरण
'हिंदुस्तान' एक हिंदी दैनिक पत्र है।
'निराला' प्रयाग में रहते थे।

5. सही उत्तर चुनिए।

(क) उत्तर II - दोनों भाई (राम और श्याम) बहुत सुशील और विनम्र हैं।

(ख) उत्तर III - आप आज लौटेंगे या नहीं ?

(ग) उत्तर IV - उन्होंने पूछा, " बाजार कौन-कौन जाएगा ?"

========xxxx=========